POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनाकं 05.06.2024

1.थाना रबूपुरा पुलिस द्वारा 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की ट्यूबवैल की मोटर व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 05.06.2024 को थाना रबूपुरा पुलिस द्वारा जनता के सहयोग से 02 शातिर चोर 1.साहिब पुत्र नफीस 2.साजिद पुत्र हनीफ को थाना क्षेत्र रबूपुरा से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की ट्यूबवैल की मोटर व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।
अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान हरियाणा व गौतमबुद्धनगर के ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य चोरी की वारदात को किया जाना स्वीकार किया है। अभियुक्त साजिद पुत्र हनीफ उपरोक्त पूर्व में भी चोरी की घटना मे जेल जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. साहिब पुत्र नफीस निवासी मौहल्ला बिलोचियान कस्बा व थाना रबूपुरा गौतमबुद्धनगर।
2. साजिद पुत्र हनीफ निवासी मौहल्ला बिलोचियान कस्बा व थाना रबूपुरा गौतमबुद्धनगर।

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 118/2024 धारा 379/411 भादवि थाना रबूपुरा गौतमबुद्धनगर बनाम साहिब व साजिद।
2. मु0अ0सं0 259/2022 धारा 380/411 भादवि थाना रबूपुरा गौतमबुद्धनगर बनाम साजिद।

बरामदगी का विवरण--

1. 01 ट्यूबवैल से चोरी की गयी मोटर
2. घटना मे प्रयुक्त मोटरसाईकिल

2.थाना फेस-3 नोएडा पुलिस द्वारा, फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लाट बेचने के नाम पर करोड़ो रुपयों की ठगी करने वाला 5,000 रुपये का इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 05.06.2024 को थाना फेस-3 नोएडा पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये अभियुक्त अमित राजपूत पुत्र अशोक कुमार को दौराला टोल प्लाजा, जनपद मेरठ के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त द्वारा जनता के लोगो के साथ प्लाट बेचने के नाम पर फर्जी व्यक्ति व दस्तावेज तैयार कर करोड़ो रुपये की ठगी की गयी है जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उच्चाधिकारीगण द्वारा 5,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. अमित राजपूत पुत्र अशोक कुमार निवासी कृष्णानगर बागू थाना क्रांसिंग रिपब्लिक, जनपद गाजियाबाद वर्तमान पता सोम मनोरथ सोसायटी थाना वेवसिटी जनपद गाजियाबाद उम्र 34 वर्ष।

अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 50/2024 धारा 419/420/467/468/471/120 बी भादवि थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।